सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 24 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में के. नारायणन ने शिष्टाचार भेंट की। श्री नारायणन राज्यपाल के आईटी सलाहकार हैं, जो एक वैज्ञानिक और आईटी पेशेवर हैं। राज्यपाल ने उनसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी और डिजिटाइजेशन के संबंध में विचार–विमर्श किया और राजभवन में नवीन तकनीकों और एआई बेस्ड सिस्टम की प्रगति पर चर्चा हुई।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में टेक्नोलॉजी को अपनाना बेहद जरूरी है और अपने दैनिक कार्यों में इसका प्रयोग किया जाना समय की मांग है। उन्होंने कहा की टेक्नोलॉजी के उपयोग से जहां कार्य कुशलता बढ़ती है वहीं पारदर्शिता के साथ भी कार्यों का संपादन होता है। इस दौरान राजभवन में विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले कार्यों को एआई के साथ जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा की। राजभवन में (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम पर कार्य गतिमान है।

...........0............